केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

क. जे. सोमैया परिसर

विद्याविहार, मुम्बई - ७७

संक्षिप्त प्रतिवेदन

हिन्दी पखवाड़ा २०२३

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय क. जे. सोमैया परिसर, मुम्बई में दिनांक – 14.09.2023 से 29. 09.2023 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया । दिनांक – 14.09.2023 को उद्घाटन समारोह में प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय (परिसर–निदेशक) ने अध्यक्ष पद को, डॉ. विश्वनाथ झा (पूर्व–निदेशक राजभाषा विभाग, बेलापुर, नवी मुम्बई) ने मुख्यातिथि पद को एवं प्रो. उषा मिश्र (पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, श्रीमती मणिबेन एम्. एम्. पी. शाह वूमन्स कॉलेज ऑफ आर्टस् ॲण्ड कॉमर्स, माटुंगा, मुम्बई) ने विशिष्टातिथि के पद को अलंकृत किया । उद्घाटन समारोह का आरम्भ वैदिक मंगलाचरण से हुआ । मुख्यातिथि डॉ. विश्वनाथ झा ने गम्भीर उद्बोधन में कहा भारत एक बहुभाषा–भाषी वाला देश है, जिसमें हिन्दी बोलने और समझने वालों की दृष्टि से हिन्दी प्रथम है । फिर भी संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषाओं में शामिल नहीं हो पायी है । यदि हिन्दी को देश की भाषा सच में बनाना हो तो इसे मन से स्वीकार करना होगा तभी हिन्दी का विकास होगा । विशिष्टातिथि प्रो. उषा मिश्रा ने अपने वैदुष्यपूर्ण वक्तव्य मं कहा कि वर्तमान समय में शिक्षित वर्ग में भाषा का काफी दुरूपयोग होने लगा है । अब बर्थ ड के साथ बहुत से डे मना रहे हैं, जिसमें अंग्रेजी का संस्कार समाया है । मातृभाषा को संस्कारों में समाहित करने की बात कही । क्षेत्रीय भाषाओं का साथ लेकर हिन्दी का राष्ट्रभाषा बनाने की बात कहीं । समारोह के अध्यक्ष जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत एक बहुभाषा–भाषी राष्ट्र है । हिन्दी का विकास हो रहा है और यह विकास रूकेगा नहीं । इस अवसर पर स्वागत भाषण डॉ. गीता दूबे ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रंजय कुमार सिंह ने किया । कार्यक्रम का संचालन सुश्री प्राजक्ता पेंडसे (शास्त्री तृतीय वर्ष) ने किया । कार्यक्रम में परिसर के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्रा उपस्थित थे । शांतिपाठ से कार्यक्रम समाप्त हुआ ।

हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत दिनांक – 20.09.2023 को छात्रों के लिए भाषण प्रतियागिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया । प्रतियोगिता में केयूर कुलकर्णी – आचार्य प्रथम वर्ष ने प्रथम, पूजा वर्मा – शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा

आशमा शर्मा – शास्त्री प्रथम वर्ष ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया । दिनांक – 22.09.2023 को कार्यालय कर्मचारियों के लिए टिप्पणी–लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया । प्रतियोगिता में श्रीमती मनिषा शिंदे ने प्रथम, श्रीमती मीना सोसा ने द्वितीय तथा श्री जीतेश कुमार मीना ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया । दिनांक – 25.09. 2023 को 'कविसपर्या' का आयोजन हुआ जिसमें मुख्यातिथि के रूप में डॉ. रजनोकांत मिश्र जी (चिकित्साधिकारी, हिन्दूसभा अस्पताल, घाटकोपर, मुम्बई) थे एवं अध्यक्ष के रूप में परिसर–निदेशक प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय जी उपस्थित थे । इस कार्यक्रम में सभी अध्यापकों, छात्रों ने उत्साह से भाग लिया और स्वरचित गीत प्रस्तुत किए । मुख्यातिथि हास्य व्यंग से सम्बन्धित सुन्दर गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिए । अध्यक्ष महोदय ने भी भूषण कवि की वीरता वाली कविताएँ प्रस्तुत की । इसी क्रम में दिनांक 26.09.2023 को राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का आयोजन हुआ ।

हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह दिनांक 29.09.2023 को हुआ । समापन कार्यक्रम में अध्यक्ष पद को प्रो. बोध कुमार झा (प्र. निदेशक) ने, मुख्यातिथि के पद को श्री कृष्णचन्द्र दूबे (संपादक, यशोभूमि, दैनिक समाचार पत्र) ने तथा विशिष्टातिथि पद को डॉ. सतीश पाण्डेय (पूर्वभाषा अधिष्ठाता, सोमैया विश्वविद्यालय) ने सुशोभित किया । मुख्यातिथि महोदय ने अपने सम्बोधन में हिन्दी के महत्व को बताया और रोजगार के विषय में भी चर्चा की । मुख्यातिथि महोदय ने अपने गम्भीर वक्तृत्व में हिन्दी की व्यापकता पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम के अध्यक्ष महोदय ने अपने उद्बोधन में हिन्दी के महत्व के साथ संस्कृत से सम्बन्ध को बताया । कार्यक्रम का प्रतिवेदन डॉ. मिनाक्षी बरहाटे ने प्रस्तुत किया । अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया । अतिथियों का स्वागत डॉ. रंजय कुमार सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गीता दूबे ने किया । कार्यक्रम का संचालन आचार्य प्रथम वर्ष के छात्र केयूर कुलकर्णी ने किया । इस अवसर पर परिसर में कार्यरत सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

सह–संयोजक

संयोजक